**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में जापानी भाषा, संस्कृति पर हुई चर्चा

वर्धा, 19 सितंबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग तथा भारतीय भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'भाषा, साहित्य एवं संस्कृति' विषय पर पांच दिवसीय (9-13 सितंबर) अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. उनीता सच्चिदानन्द ने जापानी भाषा की विशेष वक्ता के रूप में सहभागिता की। प्रो. सच्चिदानंद ने अपने व्याख्यान में जापानी साहित्य की विशेषताएं, उसका ऐतिहासिक विकास, प्रकृति एवं समाज से उसके संबंध को उद्धृत किया। उन्होंने चीनी






साहित्य और संस्कृति का जापानी साहित्य पर प्रभाव, जापानी कविताओं में चीनी भाषा के प्रभाव, जापानी लिपि का इतिहास, जापानी साहित्य का रंगीन साहित्य, जापानी समाज के वर्गीकरण एवं जापानी साहित्य में महिलाओं की भागीदारी तथा बौद्ध धर्म का जापानी साहित्य पर प्रभाव आदि विषयों पर भी प्रकाश डाला। प्रथम सत्र का संचालन जापानी भाषा के सहायक प्रोफेसर डॉ. सन्मति जैन ने किया तथा जापानी भाषा की अतिथि अध्यापक सुश्री शफक आफरीन ने आभार माना।

प्रथम सत्र के अंतर्गत जापान फाऊंडेशन नई दिल्ली से जापानी भाषा की सलाहकार सुश्री चिआकी सुज़ुकी का भी सम्बोधन हुआ। सुश्री सुज़ुकी ने जापानी भाषा सीखने, जापानी भाषा की लिपि, जापानी भाषा में उपलब्ध रोजगार और छात्रवृत्तियों एवं जापान फाऊंडेशन नई दिल्ली के कार्य प्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। सुज़ुकी ने जापानी भाषा के जेएलपीटी एक्जाम और उसके फायदे के बारे में भी छात्रों को बताया। जापानी भाषा सलाहकार सुश्री चिआकी सुज़ुकी और जापान फाऊंडेशन, नई दिल्ली के कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण रावत ने कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह के साथ जापानी भाषा, संस्कृति तथा भारत-जापान संबंध आदि विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. सन्मति जैन एवं डॉ रवि कुमार भी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन के द्वितीय सत्र में पूर्वी एशिया अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. श्रीप्रणा राय ने चीनी लिपि, इतिहास और संस्कृति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने चीनी लिपि के निर्माण के ६ सिद्धांतों की व्याख्या की तथा विद्यार्थियों को बताया कि चीनी भाषा की लिपि का विकास एक लंबी प्रक्रिया से हुआ है, जिसमें समाज, संस्कृति और प्रकृति का बहुमूल्य योगदान है। प्रो. राय ने विभिन्न उदाहरणों की सहायता से यह समझाया कि चीनी लिपि का निर्माण वस्तुओं को देखकर किया जाता रहा हैं और यह एक क्रियाशील प्रक्रिया हैं। तृतीय सत्र का संचालन अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ० अनिर्बाण घोष ने तथा आभार भाषा विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ आम्रपाल शेन्द्रे ने माना।

चौथे दिन के प्रथम सत्र में मुंबई विश्वविद्यालय के डॉ. अब्दुल्ला इम्तियाज और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. मिथुन कुमार का वक्तव्य हुआ। डॉ. अब्दुल्लाह इम्तियाज ने लोक साहित्य लोकगीत एवं लोक भाषा विषय पर कहा कि वैदिक काल से लेकर आज तक लोकगीतों की प्रासंगिकता रही है तथा मनुष्य के जन्म से लेकर मरण तक की सारी गतिविधियों जैसे खेती, शादी-ब्याह, या कोई दुखद घटना, इन सबसे संबन्धित लोकगीत उपलब्ध है।

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. मिथुन कुमार ने अपना वक्तव्य उर्दू अदब और उर्दू शायरी पर दिया तथा उर्दू शायरी की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने मीर, गालिब और मोमिन की शायरियों को व्याख्यायित किया और शेरों-शायरी के प्रकार और रूपों की भी चर्चा की। सत्र का संचालन भारतीय भाषा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. हिमांशु शेखर ने किया और डॉ. राम कृपाल ने आभार माना।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में फ्रांसीसी भाषा के बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के फ्रांसीसी भाषा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रयास चतुर्वेदी ने छात्रों को फ्रांसीसी भाषा सीखने के तरीकों एवं सीखने के लाभ से अवगत कराया। इस सत्र का संचालन अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार ने किया तथा फ्रांसीसी भाषा के अतिथि अध्यापक श्री नीरज कनौजिया ने आभार माना।

### आंतरराष्ट्रीय कार्यशाळेत जपानी भाषा , संस्कृतीवर विचार विनिमय

वर्धा, 19 सप्टेंबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठाच्या इंग्रजी आणि विदेशी भाषा अध्ययन विभाग आणि भारतीय भाषा विभाग यांच्या संयुक्त विद्यमाने आयोजित 'भाषा, साहित्य आणि संस्कृती' या विषयावर पाच दिवसीय (9-13 सप्टेंबर) आंतरराष्ट्रीय कार्यशाळेच्या तिसऱ्या दिवसाच्या पहिल्या सत्रात दिल्ली विश्वविद्यालयाचे प्रो. उनीता सच्चिदानन्द ह्या जपानी भाषेच्या विशेष वक्त्या म्हणून सहभागी झाल्या होत्या. त्यांनी आपल्या व्याख्यानात जपानी साहित्याची वैशिष्ट्ये, त्याचा ऐतिहासिक विकास, निसर्ग आणि समाज यांच्याशी असलेले नाते सांगितले. जपानी साहित्यावर चिनी साहित्य आणि संस्कृतीचा प्रभाव, जपानी कवितेतील चिनी भाषेचा प्रभाव, जपानी लिपीचा इतिहास, जपानी साहित्याचे रंगीत साहित्य, जपानी समाजाचे वर्गीकरण आणि जपानी साहित्यातील महिलांचा सहभाग आणि जपानी साहित्यावरील बौद्ध धर्माचा प्रभाव इत्यादी विषयांवरही प्रकाश टाकला. पहिल्या सत्राचे संचालन जपानी भाषेचे सहायक प्रोफेसर डॉ. सन्मती जैन यांनी केले तर जपानी भाषेच्या अतिथी शिक्षिका शफक आफरीन यांनी आभार मानले.

पहिल्या सत्रांतर्गत, जपान फाउंडेशन, नवी दिल्लीच्या जपानी भाषा सल्लागार सुश्री चिआकी सुझुकी यांनीही संबोधित केले. सुझुकी यांनी जपानी भाषा शिकणे, जपानी भाषा लिपी, जपानी भाषेत उपलब्ध नोकऱ्या आणि शिष्यवृत्ती आणि जपान फाऊंडेशन नवी दिल्लीच्या कार्यप्रणालीबद्दल सविस्तर चर्चा केली. सुझुकीने विद्यार्थ्यांना जपानी भाषेतील जेएलपीटी परीक्षा आणि त्याचे फायदेही सांगितले. जपानी भाषा सल्लागार सुश्री चिआकी सुझुकी आणि जपान फाउंडेशन, नवी दिल्लीचे कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण रावत यांनी कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांच्याशी जपानी भाषा, संस्कृती आणि भारत-जपान संबंध आदींवर चर्चा केली. यावेळी डॉ. सन्मति जैन आणि डॉ. रवी कुमार यांचीही उपस्थिती होती.

दिल्ली विश्वविद्यालयाच्या पूर्व आशियाई अध्ययन विभागाचे प्रो. श्रीप्रणा राय यांनी चिनी लिपी, इतिहास आणि संस्कृती यावर सविस्तर विवेचन केले. त्यांनी चिनी लिपीच्या निर्मितीची 6 तत्त्वे सांगितली आणि विद्यार्थ्यांना सांगितले की चिनी लिपीचा विकास दीर्घ प्रक्रियेतून झाला आहे, ज्यामध्ये समाज, संस्कृती आणि निसर्गाचे मोलाचे योगदान आहे. प्रो. राय यांनी विविध उदाहरणांच्या साहाय्याने स्पष्ट केले की चिनी लिपी वस्तू बघून तयार केली गेली आहे आणि ती एक सक्रिय प्रक्रिया आहे. सत्राचे संचालन इंग्रजी आणि विदेशी भाषा विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. अनिर्बाण घोष यांनी केले तर भाषाशास्त्र विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. आम्रपाल शेंद्रे यांनी आभार मानले.

मुंबई विश्वविद्यालयाचे डॉ. अब्दुल्ला इम्तियाज आणि दिल्ली विश्वविद्यालयाचे प्रो. मिथुन कुमार यांचे वक्तव्य झाले. डॉ. अब्दुल्लाह इम्तियाज यांनी लोकसाहित्य, लोकगीते आणि लोकभाषा या विषयावर सांगितले की, लोकगीते हे वैदिक काळापासून आज पर्यंत प्रासंगिक आहेत आणि माणसाच्या जन्मापासून ते मृत्यूपर्यंतच्या सर्व घडामोडी जसे की शेती, विवाह किंवा कोणतीही दुःखद घटना यापैकी सर्वाधिक संबंधित लोकगीते उपलब्ध आहेत.

दिल्ली विश्वविद्यालयाचे प्राध्यापक डॉ. मिथुन कुमार यांनी उर्दू साहित्य आणि उर्दू शायरी या विषयावर आपले मत व्यक्त करतांना उर्दू शायरीच्या बारकाव्याची माहिती दिली. त्यांनी मीर, गालिब आणि मोमीन यांच्या कविता समजावून सांगितल्या आणि कवितेचे प्रकार आणि रूपे

यांचीही चर्चा केली. सत्राचे संचालन भारतीय भाषा विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. हिमांशू शेखर यांनी केले तर डॉ. राम कृपाल यांनी आभार मानले.

फ्रेंच भाषेचे बाह्य विषय तज्ञ म्हणून काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसीच्या फ्रेंच भाषा अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष प्रो. प्रयास चतुर्वेदी यांनी विद्यार्थ्यांना फ्रेंच भाषा शिकण्याच्या पद्धती आणि त्याचे फायदे याबद्दल माहिती दिली. भाषा या केवळ भाषा नसून देशाच्या आणि समाजाच्या संस्कृतीच्या वाहक असतात, त्यामुळे इतर कोणतीही संस्कृती समजून घेण्यासाठी संबंधित भाषेचे ज्ञान असणे अत्यंत उपयुक्त ठरते, असे ते म्हणाले. या सत्राचे संचालन इंग्रजी आणि विदेशी भाषा अध्ययन विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार आणि फ्रेंच भाषेचे अतिथी अध्यापक नीरज कनौजिया यांनी आभार मानले.